पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊः 01 अक्टूबर, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचारिक भेंट की। भेंटवार्ता के दौरान कल महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई।

राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच हुई वार्ता में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छ भारत अभियान पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। प्रदेश को खुले में शौच से मुक्त किये जाने एवं प्रदेशवासियों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाकर आवश्यक कदम उठाने पर विचार-विमर्श भी हुआ।

अशोक/ललित/राजभवन (382/02)